संख्या–655 /I(2)/2021-05-22/2021

प्रेषक,

राधिका झा,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. सचिव, ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार।
2. समस्त प्रदेशों के प्रमुख सचिव/सचिव, ऊर्जा विभाग।
3. समस्त पदेशों के प्रबन्ध निदेशक, ऊर्जा निगम/विद्युत वितरण कंपनी।
4. अध्यक्ष (सी0एम0डी0) आर0ई0सी0/पी0एफ0सी0/एस0जे0वी0एन0एल/पी0जी0सी0आई0एल0/टी0एच0डी0सी0/एन0टी0पी0सी0/एन0एच0पी0सी0।

ऊर्जा अनुभाग–2

देहरादूनः दिनांक 11 जून, 2021

विषयः–उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0/उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0/पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 में प्रबन्ध निदेशक/निदेशकों के रिक्त होने वाले पदों (कुल 06 पद) को भरे जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन के पत्र सं0–654/I(2)/2021-05-22/2021 दिनांक 11.06.2021 द्वारा उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0 एवं पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 में प्रबन्ध निदेशकों/निदेशकों के रिक्त एवं भविष्य में रिक्त होने वाले पदों (कुल 06 पद) पर नियुक्ति/चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराये जाने के सम्बन्ध में प्रदान की गयी अनुमति के अनुक्रम में प्रश्नगत रिक्त होने वाले पदों पर चयन हेतु विज्ञापन दो (02) विभिन्न राष्ट्रीय समाचार पत्रों एवं प्रादेशिक संस्करणों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रकाशित किया गया है। उक्त पदों पर चयन हेतु वर्तमान में निर्धारित अर्हता एवं अन्य विवरण उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uk.gov.in एवं निगमों की वेबसाइट www.ptcul.org वेबसाइट www.upcl.org तथा वेबसाइट www.ujvnl.com पर देखा जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि ऊर्जा विभाग के अधीन उपर्युक्त निगमों के प्रबन्ध निदेशकों/निदेशकों के रिक्त/भविष्य में रिक्त होने वाले पदों (कुल 06 पदों) पर

नियुक्ति/चयन किये जाने के सम्बन्ध में अपने विभाग के इच्छुक अधिकारियों/अभ्यर्थियों के आवेदन व अन्य आवश्यक विवरण अपनी संस्तुति सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राधिका झा)
सचिव।